प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 07.02.2025 समय : 01:00 पी.एम.

.........................

भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में 25 बेसिस पोईन्ट की कटौति कर इसे साढे 6 फीसदी से घटाकर सवा 6 कर दिया है। मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक के बाद बैंक के गर्वनर संजय मल्होत्रा ने आज मुंबई में इसकी घोषणा की। इसके परिणामस्वरूप स्थायी जमा सुविधा एसडीएफ दर 6 प्रतिशत पर निर्धारित की जायेगी जबकि सीमांत स्थायी सुविधा एमएसएफ दर और बैंक दर दोनो साढे 6 प्रतिशत पर रहेगी।

.........................

कोटा में ग्रीन फील्ड एयरपोर्ट के निर्माण के लिए विमान पत्तन प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिये है। इसकी जानकारी केन्द्रीय उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दी। उन्होंने बताया कि अगले तीन महीने में टेंडर से संबंधित सभी प्रकियाएं पूरी कर निर्माण कार्य शुरू किया जायेगा। दिसंबर 2027 तक एयरपोर्ट का काम पूरा हो जायेगा और कोटा से विमान सेवा शुरू होगी। प्राधिकरण की ओर से जारी किये गये टेंडर के अनुसार पहले चरण में 4 अरब 67 करोड़ रूपये से ज्यादा की लागत से एयरपोर्ट बनाया जायेगा। इनमें टर्मिनल बिल्डिंग और रनवे सहित विभिन्न निर्माण कार्य शामिल है। गौरतल है कि लोकसभा अध्यक्ष ने केन्द्रीय मंत्री को निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने के निर्देश दिये थे।

.........................

बीकानेर और दिल्ली के बीच आज से पहली नियमित फ्लाईट शुरू की गई है। आज बीकानेर में केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्री मेघवाल ने कहा कि इस हवाई सेवा के शुरू होने से बीकानेर के पर्यटन और विकास को बढावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे शहर की कनेक्टिविटी राष्ट्रीय राजधानी से बढेगी और क्षेत्र की प्रगति होगी।

.........................

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय आज अपना 50वां स्थापना दिवस मना रहा है। साल 1976 में आज ही के दिन जयपुर में इसकी स्थापना हुई थी। इस अवसर पर दो दिन के कार्यक्रम रखे गये है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि कल केन्द्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव स्थापना दिवस समारोह में शिरकत करेंगे। श्री शर्मा ने बताया कि संस्थान में दूर दराज से लोग आयुर्वेद पद्धति से अपना ईलाज करवाने के लिए आते है। विश्वविद्यालय में फिलहाल 16 देशों के छात्र आयुर्वेद का अध्ययन और शोध कर रहे है।

.........................

और अब समाचार महाकुंभ से –

....

केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय की ओर से प्रयागराज महाकुंभ में आज शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस कार्यक्रम में देश भर के जाने–माने कलाकार संगीत, नृत्य और कला की प्रस्तुति देंगे। इस बीच प्रदेश से कुंभ जाने वाले यात्रियों के लिए रोडवेज की ओर से विशेष बस सेवाएं शुरू की गई है। वहीं रेल्वे ने भी महाकुंभ स्पेशल रेलगाडियों की व्यवस्था की है। इसी कडी में आज बाड़मेर से एक महाकुंभमेला स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। ये रेलगाडी बाड़मेर, जोधपुर, जयपुर, आगरा और प्रयागराज से होते हुए बरौनी पंहुचेगी।

.........................

प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर सुबह और शाम सर्दी के असर में और बढोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात सबसे कम 2 दशमलव 1 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान सीकर के फतेहपुर में रहा। माउंटआबू में 4, सिरोही में 5 दशमलव 3, चित्तौडगढ में 6 दशमलव 4,

सीकर में 7 डिग्री सैल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। राजधानी जयपुर में कल रात का पारा 10 दशमलव 2 डिग्री सैल्सियस रिकॉर्ड हुआ। सवाईमाधोपुर में मौसम का मिजाज बदलने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हुई है। बारां, करौली और पाली में लोग सर्द हवाओं से बचाव करते नजर आ रहे हैं। ठण्ड के बढने से अस्पतालों में मौसमी बीमारियों के मरीजों की संख्या भी बढ रही है।

.........................

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना कल होगी। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतगणना के लिए दिल्ली के 11 जिलों में 19 केंद्र बनाए गए हैं। करीब 12 हजार कर्मचारियों को मतगणना कार्य में लगाया गया है और मतगणना प्रक्रिया के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

.........................

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स और परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभ्यर्थी सूचीबद्ध कोचिंग संस्थानों के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने अभ्यर्थियों से विभाग की इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आवेदक 10 फरवरी तक पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे।

.........................